# तेज आंधी से उड़े टीन-टप्पर, ओलावृष्टि के साथ कई जगह बारिश

## दोपहर और शाम को आई आंधी, तीन दिन से बिगड़ा है मौसम, बूंदाबादी के बाद गर्मी से राहत

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 मई, दो दिन बाद फिर से मौसम बदल गया है, जिले के कई हिस्सो में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है. बेमौसम आंधी बारिश से गेंहू की फसल के साथ आम और प्याज की फसल को नुकसान हुआ है. सुबह से अच्छी धूप थी और दोपहर अचानक बादल आ गये. शाम को तेज आंधी के साथ कई जगह रिमझिम बारिश हुई है, जिसके चलते तापमान में गिरावट आने के साथ मौसम एक बार फिर ठंडा हो गया.**




शहर सहित कई जगह तेज आंधी के चलते टीन टप्पर उड़ गये और होर्डिंग-बैनर जमीन पर आ गये, हालाकि कोई जनहानि नही हुई. मई का महीना शुरू होते ही आंधी-बारिश का दौर शुरू हो गया है. मौसम विभाग ने भी तीन 3 मई से 7 मई तक आंधी-बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है. पिछले तीन दिन से बादल आ जा रहे है, जिले के किसी न किसी हिस्से में बारिश हो रही है. दोपहर गुढ़ एवं गोविंदगढ़ क्षेत्र के कई गांवो में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है. जिससे गेंहू की फसल और आम के साथ प्याज की फसल को नुकसान हुआ है. अप्रैल का महीना खूब तपा और तापमान 44 डिग्री के ऊपर पहुंच गया. लेकिन मई लगते ही तपन कम हो गई है, बादल- बारिश और आंधी ने तापमान को कम कर दिया है. लेकिन जो गर्मी अप्रैल में हुई उस तरह की गर्मी अभी नही पड़ रही है. हालाकि आसमान साफ होने के बाद तापमान बढ़ेगा और गर्मी भी तेज होगी. इस बार नौतपा जैसी गर्मी अप्रैल मे ही पड़ गई. लोग भीषण गर्मी को लेकर चिंतित रहे. चौकाने वाली बात यह है कि अप्रैल में ऐसी गर्मी नही पड़ती. पिछले तीन दिन से अधिकतम तापमान 38 डिग्री से नीचे बना हुआ है. रविवार को अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री था. 28 मई 2024 को उच्चतम अधिकतम तापमान 48.2 डिग्री पहुंचा था. सोमवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री दर्ज किया गया.

### आंधी-बारिश से ठप्प रही विद्युत आपूर्ति

पिछले कई दिनो से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है, आंधी के चलते विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही है. सोमवार की दोपहर और शाम को तेज आंधी के चलते कई घंटो तक विद्युत आपूर्ति ठप्प रही. लाइनो में फाल्ट आने के कारण सप्लाई बंद करनी पड़ी. चोरहटा एवं गोड़हर सब स्टेशन से निकलने वाले दर्जन भर फीडर बंद रहे. जिसके कारण शहर के कई मोहल्ले अंधेरे में रहे. दोपहर आई आंधी के चलते पहले से ही कई मोहल्लो की आपूर्ति ठप्प थी. शहर में कुठुलिया, बिछिया, संजय नगर, मानस नगर, बाणसागर कालोनी, पड़रा, विंध्य बिहार सहित कई मोहल्लो की विद्युत आपूर्ति कई घंटे तक ठप्प रही.



# चाकघाट में विद्युत विभाग का छापा 20 उपभोक्ता पकड़े गए चोरी करते

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 मई, विद्युत चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ विभाग सख्त कार्यवाही करने लगा है. मीटर बाईपास कर चोरी करने वालो पर धारा 135 के तहत प्रकरण भी दर्ज किया जा रहा है.**

कार्यवाही से हडकम्प मचा हुआ है. त्योंथर डिवीजन के अन्तर्गत चाकघाट टाउन में छापामार कार्यवाही कार्यपालन अभियंता आशीष बैन के निर्देश पर की गई. जहा 20 उपभोक्ता मीटर बाईपास कर चोरी करते पाए गये. जिनके खिलाफ धारा 135 के तहत चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया. गौरतलब है कि गर्मी का महीना शुरू होते ही बिजली की खपत तेजी से बढ़ी है और उपभोक्ता बिल बचाने के चक्कर में विद्युत चोरी भी कर रहे है. कार्यपालन यंत्री आशीष बैन के निर्देश पर टीम बनाई गई. सहायक अभियंता संजय गुप्ता, जेई मनीष सिंह, पीयूष चतुर्वेदी व लाइन स्टाफ के दल ने चाकघाट नगर में छापामार कार्यवाही की. मौके पर विद्युत चोरी का नजारा देख अधिकारियों के होश उड़ गये. मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी की जा रही थी. कई जगह सीधे कटिया फसाकर उपभोक्ता बिजली चोरी कर रहे थे, मौके पर पंचनामा बनाया गया. 38 उपभोक्ताओं की जांच में 20 उपभोक्ता मीटर बाईपास कर चोरी करते पाये गये.

### 20 उपभोक्ताओं पर प्रकरण दर्ज : बैन

त्योंथर संभाग के कार्यपालन यंत्री आशीष बैन ने जानकारी देते हुए बताया कि चाकघाट टाउन में चेकिंग दल द्वारा कार्यवाही की गई है. 38 उपभोक्ताओं की जांच के दौरान 20 उपभोक्ता मीटर बाईपास कर चोरी करते पाये गये है. सभी उपभोक्ताओं पर धारा 135 चोरी का केस बनाया गया है.

## संक्षिप्त

### मोदी मैजिक के साथ खिला कमल : सिद्धार्थ



**रीवा,**, विधानसभा चुनाव परिणामों में भाजपा की ऐतिहासिक सफलता पर विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता का अटूट विश्वास बताया है. विधायक तिवारी ने कहा कि केवल पश्चिम बंगाल ही नहीं, बल्कि असम में विकास की निरंतरता, पुडुचेरी में सुशासन और तमिलनाडु व केरल में भाजपा के बढ़ते प्रभाव ने सिद्ध कर दिया है कि देश की राजनीति अब पूरी तरह 'मोदीमय' हो चुकी है. विधायक ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चाणक्य नीति और अचूक चुनावी प्रबंधन ने विपक्ष के अभेद्य किलों को ढहा दिया है. शाह के मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं ने जिस तरह धरातल पर काम किया, उसने बंगाल से लेकर असम तक हर जगह भाजपा का परचम लहराया है. साथ ही, उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के संगठनात्मक कौशल की सराहना करते हुए कहा कि उनके ऊर्जावान नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं में नया उत्साह फूँका है. नवीन के मार्गदर्शन में संगठन की मजबूती ही इस सर्वव्यापी जीत का मुख्य आधार बनी है. सिद्धार्थ तिवारी 'राज' ने कहा कि असम की जनता ने घुसपैठ और तुष्टीकरण के खिलाफ भाजपा को दोबारा सेवा का मौका दिया है, वहीं दक्षिण भारत में भाजपा का बढ़ता जनाधार शुभ संकेत है. इन परिणामों ने साबित कर दिया है कि देश की जनता अब नकारात्मकता को नकार चुकी है.

### मऊगंज में 52717 .11 क्विंटल गेहूं उपार्जित

**मऊगंज,** कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशन में रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत जिले में गेहूं खरीदी का कार्य प्रक्रियाधीन है. जिले में उपार्जन के लिए 26 उपार्जन केन्द्रो में उपार्जन का कार्य प्रारंभ किया गया है. अभी तक 1675 किसानों से 52717 .11 क्विंटल गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है. अन्य सभी उपार्जन केन्द्रो पर कार्य प्रारंभ है. जिले में अभी तक 5205 किसानों द्वारा उपार्जन केन्द्र में स्लॉट बुकिंग की गई है.

### माह के प्रथम कार्य दिवस पर हुआ वंदे मातरम का गायन

**मऊगंज,** मऊगंज कलेक्टर कार्यालय में माह के प्रथम कार्य दिवस पर राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया. इस आयोजन में कलेक्टर संजय कुमार जैन, प्रभारी डिप्टी कलेक्टर रश्मि चतुर्वेदी तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए.

### धार्मिक एवं जनसेवा से जुड़े हुए कार्यक्रम

**गुढ़,** , नगर परिषद स्थित श्री भागवत पैलेस में इंजी. स्व. संजय कुमार गुप्ता की स्मृति में स्थापित संजय गुप्ता स्मृति सेवा संस्थान गुढ़ के आयोजन में उनकी तृतीय पुण्यतिथि पर धार्मिक, श्रद्धांजलि एवं जनसेवा से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए. कार्यक्रम के अंतर्गत गीता स्वाध्याय, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं दंत मुख स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, नि:शुल्क दवा वितरण एवं नि:शुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह उपस्थित रहे. इस दौरान संजय गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उपस्थित जनों को गीता स्वाध्याय एवं श्री हनुमान चालीसा की पुस्तिकाओं का वितरण किया गया. गीता स्वाध्याय का संचालन सेवा निवृत्त शिक्षक चंद्रिका प्रसाद त्रिपाठी एवं पाठ का विस्तृत उच्चारण डॉ. जे.एल. त्रिपाठी द्वारा किया गया. कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि एड. अनंत कुमार गुप्ता, सेवा निवृत्त प्राचार्य उमाशंकर तिवारी, डॉ. मोतीलाल शुक्ला, केदार नाथ गुप्ता, शियाशरण तिवारी, मिथिला गौतम, राजकुमार मिश्रा, उमेश कुमार गुप्ता, डॉ. ओम प्रकाश मिश्रा, एड. के.टी. निवास मिश्रा, अरुण सिंह, शिवेंद्र सिंह, लक्ष्मीकांत शुक्ला आदि उपस्थित रहे.




### समाजवादी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**रीवा,** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष अमरेश पटेल के नेतृत्व में कलेक्टर को किसानों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया. इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रशासन का ध्यान किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों की ओर आकर्षित करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की. ज्ञापन के माध्यम से किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण, गेहूं के समर्थन मूल्य में वृद्धि तथा खरीद प्रक्रिया में हो रही अनियमितताओं के संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त की गई. ज्ञापन सौंपने में एम. डी. खान प्रदेश सचिव, जगदीश सिंह यादव प्रदेश सचिव, एडवोकेट अशोक यादव राष्ट्रीय सचिव, अधिवक्ता सभा, नत्थूलाल सेन, राजीव विश्वकर्मा, सिरमौर विधानसभा अध्यक्ष, रामकिशोर आदिवासी, अशोक पटेल, सुनीता कोल, जगदीश ठकुरिया, लालमन वर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे.

# जनहितकारी नीतियों और जनता के अटूट विश्वास से मिली ऐतिहासिक जीत : शुक्ल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 मई, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुदुचेरी में मिली ऐतिहासिक जीत पर कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, जनहितकारी नीतियों और जनता के अटूट विश्वास का प्रतिफल है.**



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं गरीब कल्याण, स्वास्थ्य, आवास, स्वच्छता और वित्तीय समावेशन ने समाज के हर वर्ग तक सीधे लाभ पहुंचाया है. इन योजनाओं ने न केवल लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया है, बल्कि सरकार और जनता के बीच भरोसे को भी मजबूत किया है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में पारदर्शी, जवाबदेह और विकासोन्मुखी शासन स्थापित हुआ है. 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र ने हर क्षेत्र में समावेशी विकास को गति दी है, जिसका परिणाम आज चुनावी जीत के रूप में सामने आया है. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इस अवसर पर केंद्रीय नेतृत्व के संगठनात्मक मार्गदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल प्रबंधन, सूक्ष्म चुनावी रणनीति और कार्यकर्ताओं के साथ सतत संवाद की शैली ने जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत किया है.



# ग्रेडिग में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 मई, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में अजीविका मिशन अन्तर्गत जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक, जिला प्रबंधक, ब्लाक प्रबंधक, सहायक ब्लाक प्रबंधक उपस्थित रहे.**

इस अवसर पर एस.एच.जी. प्रोफाईल मॉनीटरिंग की समीक्षा की गई तथा जहां ब्लाक प्रबंधक, सहायक ब्लाक प्रबंधक की प्रगति कम है उन्हें अगले 15 दिवस में शतप्रतिशत पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए तथा उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी करने की बात कही गई. बैठक में एस.एच.जी. ट्रांजेक्शन एवं खाता खोले जाने की समीक्षा की गई तथा लक्ष्य अनुरूप प्रगति नही होने के कारण संबंधितों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए. अजीविका मिशन के समस्त विकासखंड प्रबंधकों को निर्देशित किया गया की गतिविधियों में अगले सप्ताह तक ग्रेडिग में सुधार नही हुआ तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी.

# विद्युत सब स्टेशन के बगल में गोमतियां रखकर किया जा रहा कब्जा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 मई, शहर की सड़को में लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है, जहा भी खाली जगह मिलती है वहा गोमती रखकर कब्जा कर लिया जाता है.**



मार्तण्ड स्कूल के सामने स्थित विद्युत सब स्टेशन होकर पुराने न्यायालय भवन के तरफ जाने वाले मार्ग में कई टीन की गोमतियां रखकर अतिक्रमण किया जा रहा है. लेकिन नगर निगम के उड़नदस्ता दल को दिखाई नही दे रहा है. पूर्व में दो गोमतियों को तत्कालीन निगम आयुक्त ने हटवाया था, कुछ दिन तक कोई गोमती नही रखी गई और अब सड़क के दोनो तरफ धीरे-धीरे कर गोमतियां सजने लगी है. सब स्टेशन की तरफ दो टीन की गोमतियां रखकर अतिक्रमण किया गया है. वार्ड 18 के पार्षद अंबुज ने इसकी शिकायत भी नगर निगम में की है लेकिन गोमतियों को नही हटाया गया. रात में इस मार्ग में अंधेरा रहता है और गोमतियों में आसमाजिक तत्वों का जमावड़ा लगता है. अभी दो गोमतियां रखी गई है धीरे-धीरे कर पूरे मार्ग पर कब्जा कर लिया जायेगा. इसी तरह कोठी कम्पाउंड स्थित शिव मंदिर के पास फूल मंडी के बगल से गुजरने वाली सड़क के दोनो तरफ टीन की गोमतियां रखकर कब्जा किया गया है जिसे हटाने की कार्यवाही नगर निगम ने आज तक नही की. यही अतिक्रमण बाद में नासूर बन जाता है.

# कमिश्नर की टीएल बैठक आज

**रीवा, 4 मई,** कमिश्नर बीएस जामोद 5 मई को सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे. बैठक में गेंहू उपार्जन, पेयजल व्यवस्था, संचारी रोगों से बचाव तथा ई आफिस व्यवस्था की भी समीक्षा की जाएगी. सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.

# भाजपा कार्यालय में मनाया गया जीत का जश्न

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 मई, पश्चिम बंगाल, असम व पुडूचेरी में हुए विधानसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत पर भाजपा कार्यालय अटल कुंज में अतिशबाजी कर मिठाईयां खिलाकर जीत का विजय उत्सव भाजपा ने मनाया.**



भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का संघर्ष एवं संकल्प आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोला, विन्ध्य विकास प्राधिकारण के उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, राम सिंह, महाबली गौतम, विद्याप्रकाश श्रीवास्तव, श्रीमती विमलेश मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रबोध व्यास, मनीषा पाठक मौजूद रही.

# बारदाने के अभाव में खरीदी प्रभावित हुई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी : सूर्यवंशी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 मई, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में गेंहू उपार्जन की समीक्षा की. कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराएं.**



बारदाने के अभाव में खरीदी प्रभावित हुई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी. मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है. खरीदी केन्द्र में उपार्जित गेंहू के सुरक्षित भण्डारण की व्यवस्था करें. खरीदे गए गेंहू का तत्काल परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं. गेंहू परिवहन में लापरवाही बरतने वाले परिवहनकर्ताओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. सभी एसडीएम तथा तहसीलदार नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर गेंहू खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करें. खरीदी केन्द्रों में शासन द्वारा निर्धारित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें. गेंहू उपार्जन में लापरवाही बरतने वाले समिति प्रबंधकों तथा खरीदी केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें. कलेक्टर ने कहा कि अब सभी किसानों द्वारा स्लॉट बुक किया जा रहा है. स्लॉट बुकिंग के आधार पर ही गेंहू की तौल कराएं. खरीदी केन्द्र में गेंहू की तुलाई होने के बाद उसे तत्काल सुरक्षित भण्डारित कराकर स्वीकृति पत्र जारी कराएं. बैठक में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एडीएम श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला उपार्जन समिति के सभी सदस्य मौजूद थे.

# को-ऑपरेटिव बैंक शाखा चाकघाट में नहीं मिल रहा खातेदारों को नकद भुगतान

**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट, 4 मई, किसानों की कही जाने वाली बैंक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में किसानों की जमा राशि समय पर उनकी मांग पर नहीं प्राप्त हो पा रही है.**

इस बैंक के खातेदार राशि निकालने के लिए जब बैंक निर्धारित समय पर बैंक की शाखा में उपस्थित होकर खाते से राशि आहरण का फार्म भरकर राशि प्राप्त होने का इंतजार करते हैं, तब उनसे यह कहा जाता है कि बैंक में नगद रुपया ही नहीं है जिससे उन्हें भुगतान नहीं दिया जा सकता. पीड़ित किसानों ने चर्चा में बताया है कि इस समय शादी विवाह एवं अन्य पारिवारिक एवं धार्मिक अनुष्ठान के चलते लोगों को जहां नगदी रुपयों की जरुरत होती है वही इस बैंक में जमा उनकी राशि समय पर उन्हें नहीं मिल पा रही है. बैंक में खातेदारों को अपनी जमा राशि न मिलने से किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. कलेक्टर एवं सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों व्यवस्था में सुधार की मांग की गई है.

# जनगणना कार्य को पूरी गंभीरता से लिया जाए

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 मई, नगर जनगणना अधिकारी एवं उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने चल रहे शहरी जनगणना कार्यों की समीक्षा बैठक ली.**

उन्होंने चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अंतर्गत आने वाले सभी ब्लॉकों में मकान सूचीकरण कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करें तथा यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक ब्लॉक में प्रतिदिन प्रगति दर्ज हो. जनगणना कार्य को पूरी गंभीरता से लिया जाए. प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स द्वारा किए गए दैनिक कार्यों की रिपोर्टिंग लेकर नियमित समीक्षा की जाए. जिन ब्लॉकों में कुछ मकानों की नंबरिंग छूट गई है, वहां एक दिवस के भीतर नंबरिंग पूर्ण कर ली जाए.

# कर का भुगतान न करने पर होगी कुर्की और तालाबंदी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 4 मई, नेशनल लोक अदालत का आयोजन 09 मई शनिवार को किया जा रहा है.**

जिसमें वर्ष 2025-26 तक के संपत्तिकर और जलकर बकाया भुगतान के अधिभार में 25 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक विशेष छूट प्रदान की जाएगी. इस संबंध में नगर निगम उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. लोक अदालत नगर निगम कार्यालय टाउन हॉल सहित सभी चारों जोन कार्यालयों में सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आयोजित होगा.

बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी बड़े बकायादारों को नोटिस का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा घर-घर संपर्क अभियान चलाकर करदाताओं को लोक अदालत में उपस्थित होकर बकाया जमा करने के लिए प्रेरित किया जाए. साथ ही, निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप संपत्तिकर एवं जलकर की वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए. साथ ही उन्होंने कहा कि जो करदाता लोक अदालत के माध्यम से भुगतान नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध तालाबंदी एवं कुर्की की प्रारंभ की जाएगी. उपायुक्त श्री द्विवेदी ने नागरिकों से अपील की है कि वे अवसर का लाभ उठाकर अपने बकाया करों का निपटान करें और वैधानिक कार्रवाई से बचें. बैठक में उपायुक्त एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी सहित अधिकारी मौजूद थे.